Seventeenth Loksabha

an>

Title: **Regarding provision of modern sports facilities in the Chandrasekhar Sports College,Salempur under the 'Khelo India Programme.'**

श्री रविन्दर कुशवाहा (सलेमपुर): माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपके प्रति आभार प्रकट करता हूं।

महोदय, मेरे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सलेमपुर के सिकन्दरपुर विधानसभा में 106 एकड़ में निर्माणाधीन स्पोर्ट्स कॉलेज, जो देश के पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर जी के नाम पर है, यह पूर्वांचल में खेल ग्राउन्ड के रूप में सबसे बड़ा मैदान है, जो सिकन्दरपुर तहसील बलिया के पूर ग्राम में स्थित है। यहां राज्य सरकार के द्वारा बाउन्ड्री वाल का कार्य पूर्ण करा दिया गया है।

महोदय, आज पूरे देश में 'खेलो इंडिया' के अंतर्गत गांव-देहात, छोटे शहरों में स्पोर्ट्स कॉलेज विकसित किए जा रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप देश के गांव-देहात से निकलकर युवा खिलाड़ी देश का नाम उंचा कर रहे है। वे देश के लिए मैडल जीत रहे है।

महोदय, खेलों में गांव के युवा खिलाड़ियों की भागीदारी बढ़ाने के साथ मेरे संसदीय क्षेत्र के प्रतिभाशाली युवाओं को देश के लिए खेलने का मौका मिले, इसके लिए उपरोक्त भूमि पर 'खेलो इंडिया' के अन्तर्गत सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक, बहुद्देशीय हॉल, तरण ताल, फुटबॉल ग्राउंड, क्रिकेट ग्राउंड आदि का निर्माण किया जाना अति आवश्यक है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय खेल मंत्री जी से मांग करता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र सलेमपुर के सिकन्दरपुर तहसील के अन्तर्गत चन्द्रशेखर स्पोर्ट्स कॉलेज, पूर, बलिया में 'खेलो इंडिया 'प्रोग्राम के तहत आधुनिक खेल संसाधनों से विकसित करने की कृपा करें। हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी का सपना है कि देश की युवा शक्ति को खेलों की ओर उन्मुख कर उन्हें का उत्कृष्ट खिलाड़ी बनाया जाये, ताकि वे राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय और वैश्विक प्रतिस्पर्धाओं में देश का नाम रोशन कर सकें।